**खबर संक्षेप**

### ई केवाईसी कार्य के लिए आज से होगा प्रशिक्षण

**कटनी।** समग्र पोर्टल मे नागरिकों के समग्र आई.डी का आधार के साथ शत प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य अभियान चलाकर 31 मई तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा निकायवार ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कैलेण्डर जारी किया गया है। सीईओ गेमावत द्वारा जारी कैलेण्डर अनुसार 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक जनपद पंचायत बहोरीबंदी, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायत रीठी में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधीनस्थ मैदानी अमले सहित सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। रविवार 6 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक नगर निगम कटनी, नगर परिषद कैमोर, बहरी और विजयराघवगढ़ अंतर्गत नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अधीनस्थ अमले एवं वार्ड प्रभारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उपरोक्त अधिकारियों को निर्धारित कैलेण्डर अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर विशेष ई-केवाईसी अभियान के तहत नागरिकों का शत- प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करानें के निर्देश दिए गए है।

### पीएम आवास योजना में कोताही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ ने की कार्यवाही

# नियम विरूद्ध तरीके से दिया लाभ 1.20 लाख रूपए की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही शम्भू लाल पिता गैसू को नियम के विरूद्ध लाभ देने पर वसूली कार्यवाही करते हुए तत्कालीन सरपंच ममता देवी, सचिव स्नेहलता सिंह, प्रभारी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक नरेश चौधरी एवं उपयंत्री (सुपरवाईजर) रोहित कुमार कुमले के विरूद्ध वसूली कार्यवाही करते हुए शासन मद में वसूली योग्य राशि 1 लाख 20 हजार रूपये 15 दिवस में शासन निधि में जमा करने के आदेश दिए हैं।

**यह है मामला**

वर्ष 2014-15 में इंदिरा आवास योजना के तहत नन्हवारा कला निवासी शम्भू को 35000 रूपये की प्रथम किश्त प्रदान की गई, किन्तु हितग्राही द्वारा इंदिरा आवास योजना अंतर्गत आवास नही बनाया गया। इसके बाद भी शम्भू लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रूपये का लाभ लिया। जबकि शासन के आदेश अनुसार एक ही व्यक्ति को दो बार आवास योजना में लाभ नही दिया जा सकता।

इस मामले में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत कार्यवाही करने के मिले निर्देश के बाद इसकी जांच कराई गई। जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर हितग्राही शम्भू को नियम विरूद्ध लाभ दिया जाना पाया गया। जिसके बाद जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त क्षति की भरपाई हेतु वसूली योग्य राशि 1 लाख 20 हजार रूपये समानुपातिक रूप से तत्कालीन सरपंच ममता देवी से 30 हजार रूपये, सचिव स्नेहलता सिंह से 30 हजार रूपये, प्रभारी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक नरेश कुमार चौधरी से 30 हजार रूपये एवं तत्कालीन उपयंत्री (सुपरवाइजर) रोहित कुमार कुमरे से 30 हजार रूपये की राशि वसूली का निर्धारण किया। जो कुल मिलाकर 1 लाख 20 हजार रूपये होती है।

जिपं सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा जारी वसूली आदेश में उल्लेखित किया गया है कि यदि वसूली योग्य अधिरोपित राशि 15 दिवस की समयावधि में शासन के खाते में जमा नहीं की जाती है, तो मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत विहित प्राधिकारी पृथक से प्रकरण पंजीबद्ध कर वसूली कार्यवाही कर शासन मद में वसूली योग्य राशि शासन निधि में जमा करेंगें।

### नरवाई जलाने पर 4 व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के बाद भी आदेश का उल्लंघन कर नरवाई जलाने पर पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में 4 व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। तहसील ढीमरखेड़ा के ग्राम पटना के ग्राम कोटवार जगदीश दाहिया द्वारा पंचनामा एवं पटवारी हलका का पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए श्रीमती रूक्मणि पति सुमेर सिंह निवासी ग्राम भमका द्वारा नरवाई में आग लगाकर जलाने पर शुक्रवार को ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होने से प्रदूषण बढ़ता है। साथ ही अग्नि दुर्घटना, पशु-पक्षियों की हानि और मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही लोकसुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आपदा की स्थिति आशंका बनी रहती है। जिससे कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित होती है। इसके मद्देनजर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसी प्रकार पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में ही 3 अप्रैल की रात झिन्ना पिपरिया के 3 व्यक्तियों के विरूद्ध भी नरवाई जलाने संबंधी प्राथमिकी झिन्ना पिपरिया के ग्राम कोटवार कृष्णपाल दाहिया द्वारा दर्ज कराई गई। कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन कर नरवाई जलाने पर झिन्ना पिपरिया निवासी कृष्णकुमार श्रीवास्तव एवं रामप्यारे कुशवाहा और रमेश कुर्मी द्वारा क्रमशरू खसरा नंबर 218, 280 और 224/1 में फसल अवशेष जलाना पाया गया। इन तीनों के विरूद्ध भी ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।

## नरवाई जलाने की सूचना नहीं देने पर पटवारी हुआ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई जलाने के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी ग्राम भमका में नरवाई जलने की प्रथम सूचना न दिये जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुये एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके ने पटवारी हलका नंबर 30 के पटवारी अनेश कुमार कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

एसडीएम ढीमरखेड़ा द्वारा जारी शुक्रवार को निलंबन आदेश में उल्लेखित किया गया है कि नरवाई जलाने की सूचना न दिया जाना पटवारी श्री कोल द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति घोर कदाचरण, स्वेच्छाचारिता औरर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और घोर लापरवाही का परिचायक है।

इसलिए सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील के प्रावधानो के तहत पटवारी अनेश कुमार कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील निर्वाचन शाखा ढीमरखेड़ा रहेगा और निलंबन अवधि के दौरान पटवारी को जीवन यापन भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### डीपीसी ने पुस्तक मेला स्थल का किया निरीक्षण



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले गणवेश एवं पुस्तक मेला के आयोजन स्थल का जिला परियोजना समन्वयक केके डेहेरिया ने स्थल निरीक्षण किया। जिला परियोजना समन्वयक ने पुस्तक मेला स्थल में दुकानों के लिए स्टाल लगाने की व्यवस्था का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज गौतम मौजूद रहे।

*महापौर की अध्यक्षता मे सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित*

## निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों के होंगे ड्रेस कोड, कक्ष के बाहर लगेगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि निगम के कार्यों एवं व्यवस्थाओं के कुशल संचालन हेतु समय सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की गई,जिनमें अन्य विभागों एवं निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को वापस बुलाने,रिक्त पदों की जानकारी,शासन द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने,जनप्रतिनिधि प्रकोष्ठ की व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही,निगम के अधिकारी कर्मचारियों हेतु ड्रेस कोड एवं परिचय पत्र लागू किए जाने, कर्मचारी/अधिकारियों के कक्ष के बाहर नाम पद एवं दायित्वों की सूची लगाये जाने,बिलैया तलैया दुकानों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली जाकर निगम के स्टोर का वार्षिक भौतिक सत्यापन किये जाने, निगम सम्मिलन की बैठक में लिये गये निर्णय नियमित पालन कराये जाने, शा विद्यालय भवनों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने, संचालनालय के पत्र पर कार्यवाही किए जाने,रिकॉर्ड रूम व्यवस्थित किए जाने,अभिलेखों के विनिष्टीकरण की कार्यवाही, मार्गदर्शन कक्ष को व्यवस्थित रूप से संचालित करने इत्यादि अन्य विषयों पर चर्चा कर व्यवस्थित किए जाने हेतु महापौर सूरी ने निर्देश दिये हैं बैठक में समिति सदस्य एवं पार्षद राजेश भास्कर,ओमप्रकाश बल्ली सोनी, लव साहू,फ़ामिदा आफ़ताब चोखे, सुशीला मिश्रीलाल,उपायुक्त पी.के.अहिरवार,प्र कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक मौजूद रहे।

## भविष्य में भेंट कार्यक्रम में बताया शिक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



स्कूल चलें हम अभियान के तहत नवीन शैक्षणिक सत्र में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूलों में कार्यक्रम हुए। ।ढीमरखेड़ा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला भनपुरा और शासकीय माध्यमिक शाला परसवारा में प्रवेशोत्सव के दौरान भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर तिलक वंदन कर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के साथ पेन का वितरण किया गया। शिक्षकों ने एक कक्षा का पठन-पाठन कराया। विभागीय अधिकारियों ने बच्चों को मार्गदर्शन व प्रेरणा प्रदान कर शिक्षा का महत्व समझाया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह देखने मिला। इस दौरान बीईओ संयुक्ता उइके, एपीसी रामभूषण अग्निहोत्री, एपीसी प्रीति सिंह, बीआरसीसी प्रेम कोरी, शिक्षक और छात्रों उपस्थित रहे।




## कुपोषण को कम करने 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित होगा पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं बच्चे में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाएगा। इसके लिए जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का भी आयोजन कर कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में दी गई।

कार्यशाला में जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह के साथ-साथ सभी विकासखंडों के परियोजना अधिकारी क्रमशरू सतीश पटेल, इंद्र कुमार साहू, संतोष अग्रवाल, आरती यादव, अनुपमा आटे, शैली तिवारी, सुमन पटेल और जिला समन्वयक स्वाति श्रीवास्तव तथा सहायक समन्वयक दिलीप पाराशर मौजूद रहे।

कार्यशाला में अगवत कराया गया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग व समन्वय से आंगनवाड़ी केन्द्र सेक्टर परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण, संवेदनशील कार्यक्रम सहित आंगनवाड़ी केन्द्रों में वर्षा जल संरक्षण गतिविधि को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही सतत खाद्य प्रणाली को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेयजल व वॉश प्रथाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इसके अलावा पोषण पखवाड़ा के दौरान डायरिया प्रबंधन, एनीमिया निवारण और बाल स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी गतिविधियां और योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करने हुये कहा कि 8 अप्रैल से शुरू होने वाले पोषण पखवाड़ा के दौरान हर दिन आयोजित होने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी व कार्ययोजना से परियोजना अधिकारी व सुपरवाइजर मैदानी अमले को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

### साधुराम स्कूल में पुस्तक मेला 7 अप्रैल से

**कटनी।** एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने साधुराम विद्यालय परिसर में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेला में दुकानों का आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के तहत करने संबंधी आदेश जारी किया है। एसडीएम द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया है कि सभी दुकानदार दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक होने वाले दुकाने आवंटित करा सकते हैं। पुस्तक मेला भी निर्धारित तिथियों में दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। दुकान आवंटन हेतु पहले आने वाले दुकानदारों को प्राथमिकता दी जायेगी। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि सभी दुकानदार पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश की दर सूची अपनी-अपनी दुकानों के सामने चस्पा करना सुनिश्चित करेंगें।

### मान्यता है कि विरासन माता श्रद्धालुओं को उधार देती थी पैसे

## हजार साल पुराना है विरासन माता मंदिर का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही कचनारी- पाली स्थित मां विरासन के दरबार में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। नौ दिन तक चलने वाले इस महापर्व के दौरान माता के दरबार में भक्तों की अपार भीड़ मातारानी के पूजा अर्चना के लिए पहुंचती है।सुबह से ही माता के श्रद्धालु मंदिर में पहुँच जाते है। रात तक श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति यदि गांव के बाहर रहता है, लेकिन नवरात्र में वह माता के दरबार में हाजिरी जरूर लगाता है।

ढीमरखेड़ा तहसील के कचनारी- पाली गांव के जंगली क्षेत्र में स्थित विरासन माता का प्रसिद्ध मंदिर है। मंदिर में 24 भुजाओं वाली अद्भुत विरासन माता विराजी है। मंदिर में प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं अपनी अर्जी लेकर आते है। माता के दरबार में जो भी श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाता है, वह पूरी होती है। इस कारण से भी मंदिर में चैत्र और शारदेय नवरात्र में भारी भीड़ रहती है। मंदिर में जवारें भी बोए गए हैं।विसर्जन के दिन तो श्रद्धालुओं की और भी ज्यादा भीड़ रहती है। प्रशासन के साथ पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। माता के मंदिर की ख्याति दूर दूर तक प्रसिद्ध है।इसके चलते माता के मंदिर में 12 महीने श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है।

**पहले घने जंगल में था मंदिर**

शहडोल जिले के बिरसिंहपुर पाली में अष्टभुजी विरासन माता की प्रतिमा है और छत्तीसगढ़ के हरवाह में दो भुजाओं वाली विरासन माता की प्रतिमा स्थापित है। इस लिहाज से ढीमरखेड़ा के कचनारी-पाली में विराजी विरासन माता अपने आप में अद्भुत है। मंदिर का इतिहास लगभग एक हजार साल पुराना है। बताया जाता है कि पहले मंदिर घने जंगल के बीच रहा। धीरे धीरे मंदिर का स्वरूप बदलता गया। अब तो मंदिर की भव्यता और भी बढ़ गई है। मंदिर में धार्मिक आयोजन होते रहते है। मंदिर के आसपास खुदाई में पुराना कुआं व मंदिर के अवशेष भी निकले थे। देवी देवताओं की अन्य प्रतिमाएं भी निकली है।

**ऐसी है मान्यता**

मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि पहले विरासन माता श्रद्धालुओं को उधारी में रुपये पैसा प्रदान करती थीं, लेकिन काम पूरा होने के बाद ब्याज के साथ रुपये-पैसे रखकर श्रद्धालुओं को वापस करना होता था। लेकिन कुछ श्रद्धालुओं ने माता से पैसे लेकर वापस नहीं किया, इस कारण अब माता ने रुपये पैसे देना बंद कर दिया है लेकिन जो भी श्रद्धालु अपनी मन्नत लेकर आता है, माता उसकी जरूर सुनती है।

## खबर संक्षेप

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा 30 मार्च को जिला जेल कटनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बंदियों को दिये जाने वाले खाने की समाग्री एवं भोजन की गुणवत्ता की जाँच की गई तथा बदियों के रहन-सहन एवं बैरक में साफ-सफाई व्यवस्था तथा बंदियों से स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की गई, तथा बंदियों के प्रकरण में पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है या अधिवक्ता करने में समक्ष नहीं है तो वह प्रकरण में पैरवी हेतु निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। जेल निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चिडार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/ सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉप सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

### गर्मियों में मूँग, तिल एवं सन व ढेंचा उगाएं किसान

**कटनी।** किसान भाईयों को ग्रीष्मकाल में धान की बजाय ग्रीष्मकालीन दलहनी फसलें जैसे मूँग, तिल व ढेंचा उगाने की सलाह दी गई है। इन फसलों से खेत की मृदा (मिट्टी) का उर्वरा संतुलन बना रहता है। साथ ही ये फसलें कम पानी, कम समय और कम मेहनत में अच्छा व लाभदायक उत्पादन देती हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान में पानी की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। ग्रीष्मकालीन धान व उसके बाद खरीफ में धान की फसल लगाने से पोषक तत्वों का अत्यंत दोहन हो जाता है और मृदा की उर्वरता अर्थात उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। साथ ही ग्रीष्मकालीन धान में पेस्टीसाइड एवं दवाइयों के अधिक उपयोग से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। ग्रीष्मकाल में धान की बजाय मूंग उगाने से खरीफ में समय से धान लगाई जा सकती है। जाहिर है खरीफ के धान की समय से कटाई हो जाती है और गेहूँ की बुवाई कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे फसल चक्र के सिद्धांत का भी पालन हो जाता है जो खेत की उत्पादन क्षमता बनाए रखने के लिये अत्यंत जरूरी है। किसान भाई ग्रीष्मकाल में मूंग के अलावा तिल की फसल भी उगा सकते हैं। साथ ही खरीफ में जिस रकबे में धान प्रस्तावित है, उसमें हरी खाद प्राप्त करने के लिये सन या ढेंचा उगा सकते हैं। इसे खेतों में पढ़ने पर मृदा की उर्वरता उच्च स्तर पर पहुँच जाती है। इसलिए जिले के किसान भाइयों से मौजूदा वर्ष में गर्मी की धान न लगाने और उसके स्थान पर मूँग, तिल अथवा सन या ढेंचा लगाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने और पर्यावरण व मृदा संरक्षण में सहयोग देने की अपील की गई है।

### विधायक से ग्रामीणों ने बताई क्षेत्र की समस्याएं

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां वीरासन और महादेवी मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने परिवार सहित और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने दर्शन कर पूजन अर्चन किया। विधायक के क्षेत्र प्रवास के दौरान सिलौंडी बस स्टैंड में ग्रामीणों ने विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी का सम्मान किया। ग्रामीणों की मांग पर देशी शराब को बस स्टैंड से अलग कराने में विधायक और मंडल अध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा है। साथ ही बस स्टैंड में शौचालय और बैठने की व्यवस्था ना होने की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने वादा किया है जल्द से जल्द बस स्टैंड की समस्याओं का समाधान होगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। दशरमन सरपंच सीमा भरत शुक्ला ने महादेवी मंदिर जाने वाले पगडंडी मार्ग का निर्माण कराने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान जिला उपाध्यथ सुरेश राय, प्रशांत राय, पीयूष जैन आदि की उपस्थिति रही।

---

**बीते माह कांच मंदिर के पास से चोरों ने 50 हजार रूपए किये थे पार**

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने मैहर से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनो को 50 हजार रूपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।



### स्कूटी से रूपए किये थे चोरी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश कोरी निवासी जागृति कॉलोनी जो कि एक सेवानिवृत शिक्षक हैं 25 मार्च को बैंक से 50,000 रुपये निकालकर अपनी स्कूटी की डिग्गी में रखे थे। गोलबाजार स्थित कांच मंदिर के पास उन्होंने अपनी स्कूटी पार्क कर कुछ आवश्यक सामान खरीदा। जब वे वापस लौटे तो स्कूटी की डिग्गी से नकदी और पासबुक चोरी हो चुके थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में चार संदिग्ध युवक चोरी करते दिखे, जिनकी पहचान होते ही पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

### कटनी से टीम भेजकर पकड़ा

3 अप्रैल को थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल दो संदिग्ध युवक जो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, मैहर बस स्टैंड के पास लाल कोठी रोड पर देखे गए हैं। तुरंत थाना कोतवाली की पुलिस टीम मैहर रवाना हुई और मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों आरोपियों सलमान वारसी, सत्येंद्र कुमार को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि चोरी की वारदात उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर की थी। आरोपियों ने विरुद्ध 15 मामले उ. प्र. में दर्ज है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार आरोपियों में सलमान वारसी निवासी औरैया उत्तर प्रदेश, सत्येंद्र कुमार निवासी इटावा उत्तर प्रदेश तथा विनोद दोहरे जिसे कन्नौज पुलिस उत्तर प्रदेश ने गिरफ्तार कर लिया है। मटरी मुसलमान निवासी औरेया, जिसकी तलाश जारी है।

### 28 हजार रूपए किये बरामद

आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी के 50,000 रुपये को आपस में बांट लिया गया था। कटनी पुलिस ने सलमान वारसी और सत्येंद्र कुमार के पास से 28,000 रुपये नकद बरामद कर लिए हैं।

### कार्यवाही इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा, संजय दुबे, उनि महेन्द्र जायसवाल, पुष्पराज, अनिल, वीरेन्द्र आर.प्र, उनि अरुणपाल सिंह, अजीत मिश्रा, आर उपेन्द्र अमित, अजय, दीपक तिवारी की भूमिका रहीं

---



# महापौर ने नवनिर्मित सड़क का किया निरीक्षण

**कायाकल्प अभियान के तहत विश्राम बाबा से दुगाड़ी नाला तक सड़क का हुआ निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्राम बाबा वार्ड में कायाकल्प अभियान के तहत विश्राम बाबा से दुगाड़ी नाला तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है,यह रोड अब पूरी तरह बनकर तैयार हो गई है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, स्थानीय पार्षद श्रीमती राजकुमारी मिथलेश जैन एवं एमआईसी, पार्षद साथियों के साथ इस नवनिर्मित सड़क का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सड़क की मोटाई और क्वालिटी चेक की गई,महापौर सूरी एवं स्थानीय पार्षद के निर्देशानुसार रोड के निर्माण के दौरान क्वालिटी की सतत रूप से लगातार मॉनिटरिंग की गई थी जिसके परिणाम स्वरूप यह सड़क उच्च क्वालिटी अनुसार पाई गई है। इस सड़क निर्माण से स्थानीय जनों को बड़ी राहत मिलेगी,जिससे उनका आवागमन और अधिक सुलभ हो जाएगा।

इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,वरिष्ठ पार्षद एडवोकेट मिथलेश जैन,पार्षद शशिकांत तिवारी,सुमित्रा रावत, सुशीला मिश्रीलाल,पूर्व पार्षद डब्बू रजक,कमलेश चौधरी,प्र सहा यंत्री अनिल जायसवाल ,उपयंत्री पवन श्रीवास्तव,सचिन दुबे सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

---

**प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण**

# अनियमितताएं मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई कर पटाखा दुकान को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रिहायशी क्षेत्र में संचालित पटाखा दुकानों पर कार्यवाही की जा रही है। दरअसल प्रदेश के हरदा सहित अन्य जगहों पर पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से सबक लेते हुए जिला और पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने रिहायशी इलाके में संचालित नरेश गुप्ता की शंकर लाल एन्ड संस पटाखा दुकान को सील कर कार्यवाही की।




एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को नगर निगम सीमा अंतर्गत धंतीबाई स्कूल के समीप BRC कार्यालय के पास शंकर लाल एन्ड संस नरेश गुप्ता की पटाखा दुकान और गोदामों की जांच के लिए निकले। इस दौरान दुकान की जांच में पाया गया कि यह शहरी क्षेत्र मे होने से भविष्य में नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। हालांकि शंकर लाल एन्ड संस पटाखा दुकान संचालक का कहना हैं कि दुकान रिहायसी इलाके से 15 मीटर दुरी पर हैं। इस दौरान संयुक्त दल ने शहर के बीच स्थित लाइसेंस धारी शंकरलाल के पटाखा दुकान में लाइसेंस, स्थल, भंडारण, क्रय विक्रय की जांच की. जों नवम्बर माह के बाद संधारित नहीं पाया गया उसकी जांच की गईं। वही दुकान मे क्षमता से कहीं अधिक पटाखे मिले और बहुत अनियमितता पाए जाने के कारण मौके पर दुकान को सील कर दिया गया है। इस दौरान SDM प्रदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याती मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा सहित प्रसासनिक एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

गौरतलब है कि पटाखे के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री करने वालों पर जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव व पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के संयुक्त आदेश से इस बाबत अधिकारियों की पूरी जिम्मेवारी तय कर दी गयी है और प्रशासन सामान्य के अपने दायित्वों को अंजाम देने का निर्देश दिया गया है।

---

**तिलक महाविद्यालय में परीक्षा का हुआ आयोजन**



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में स्नातक स्तर केविद्यार्थियों को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत स्नातक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष बी ए एवं बीएससी के विद्यार्थियों कीसतत मूल्यांकन पद्धति के अंतर्गत जैविक खेती की पाठ्यक्रम के अनुसारलिखित परीक्षा ली गई। इसके लिए 50-50 विद्यार्थियों के प्रथम वर्ष में 5 बैच द्वितीय वर्ष में चार बैच एवं तृतीय वर्ष में 4 बैच बनाकर परीक्षा ली गई। परीक्षा का निरीक्षण समय-समय पर प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई द्वारा किया गया एवं गुणवत्तापूर्ण परीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शन दिया गया जिससे विद्यार्थी आगामी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी कर सके।

---

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 43 हजार 327 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। शासन निर्देशानुसार गेहूँ का समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जबकि चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन का कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

### पंजीयन की स्थिति

जिले की 9 तहसीलों में गेंहू उपार्जन हेतु अब तक कुल 41 हजार 616 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 8707, तहसील ढीमरखेड़ा में 7543, विजयराघवगढ़ में 5257 , रीठी में 4411 , बड़वारा में 4039, स्लीमनाबाद में 4090, बरही में 2879, कटनी नगर मे 2383 और तहसील कटनी में 2307 कृषकों ने पंजीयन कराया है।

### चना व मसूर के लिए

जिले चना उपार्जन हेतु अब तक कुल 1981 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 826, तहसील ढीमरखेड़ा में 196, विजयराघवगढ़ में 244, रीठी में 161, बड़वारा में 442, स्लीमनाबाद में 21, बरही में 227, कटनी नगर मे 61 और तहसील कटनी में 13 कृषकों ने पंजीयन कराया है। जिले में मसूर उपार्जन हेतु अब तक कुल 1226 कृषको द्वारा कराये गए पंजीयन में तहसील बहोरीबंद के 13, तहसील ढीमरखेड़ा 33, विजयराघवगढ़ के 226, रीठी के 51, बड़वारा के 549 , बरही के 279 , कटनी नगर के 58 और तहसील कटनी के 17 कृषकों ने पंजीयन कराया है।

सरसों उपार्जन हेतु अब तक कुल 5 हजार 418 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 1158, तहसील ढीमरखेड़ा में 28, विजयराघवगढ़ में 301, रीठी में 2035, बड़वारा में 780 , स्लीमनाबाद में 38, बरही में 432 , कटनी नगर मे 491 और तहसील कटनी में 155 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया है।

---

**अनुत्तीर्ण छात्रों के पालकों को बुलाकर की जा रही काउंसलिंग**

# हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है।

### ऋण दिलाने में मदद

इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। कौशल संबंधी कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट दिये जाने का प्रावधान है। यह सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होता है। इस योजना में भी प्रशिक्षण के बाद ऋण प्राप्त करने की सुविधा है। इस योजना में केन्द्र सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों को इस कार्य के लिये अपने साथ जोड़ रखा है। मोबाइल कंपनियां इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों को मेसेज करके एक फ्री टोल नंबर देंगी, जिस पर केंडिडेट को मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के तुरंत बाद आवेदक के पास एक नंबर से कॉल आयेगा, जिससे बाद आवेदक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सुविधा से जुड़ जायेगा। इस प्रक्रिया के बाद आवेदक को उसके निवास के आस-पास ट्रेनिंग सेंटर से जोड़ा जायेगा। केन्द्र सरकार का कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अब तक एक करोड़ 50 लाख से अधिक युवाओं का कौशल उन्नयन कर चुका है। इस योजना में युवाओं को कन्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, फुड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, हेन्ड्रीक्रॉफ्ट, जेम्स और जूलरी समेत 40 क्षेत्र की ट्रेनिंग दिये जाने की सुविधा है। स्कूल शिक्षा विभाग के इस कार्यक्रम के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

---

**पिलौंजी स्थित तालाब में श्रमदान कर की गई सफाई**

# चौपाल लगा वर्षा जल संवर्धन हेतु किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है, साथ ही प्राचीन कुएं बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।



ग्राम पिलौंजी के तालाब में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाला जाकर गहरीकरण का कार्य किया गया। वहीं तालाब के आसपास उगी हुई झाड़ियों की साफई की गई।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलौंजी के ग्राम पिपरहटा में नवांकुर संस्था अनुभूति जन जागरण संस्थान कन्हवारा के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिलौंजी के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके। विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन जागरूकता के लिए दीवार लेखन चौपाल संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ सफाई और गहरीकरण विशेष रूप से शामिल हैं,

कार्यक्रम में आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, सरपंच डॉक्टर शिव कुमार पांडेय, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष स्वाधीन शुक्ला, सचिव अवधेश तोमर सदस्य गण बृजेश नामदेव, अतुल पांडेय, प्रस्फुटन समिति के सचिव राजाराम पटेल ग्राम वासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

---

# जिले में 9.92 लाख से अधिक नागरिकों की समग्र ई- के.वाई.सी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर पोर्टल मे समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई- के.वाय.सी. का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री यादव नें ई-के.वाई.सी कार्य की सतत समीक्षा की जाकर अधिकारियों को कार्य में गति लानें के दिशा निर्देश दिए है।



कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में अब तक 9 लाख 92 हजार 132 नागरिकों का समग्र आई से आधार से ई-केवाईसी कार्य किया जा चुका है। जिसमें जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 44 हजार 999 नागरिकों, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 75 हजार 458 नागरिकों, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 44 हजार 585 नागरिकों, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 2 हजार 714 नागरिकों, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 48 हजार 40 नागरिकों, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 21 हजार 545 नागरिकों की समग्र अई.डी से ई-के.वाय.सी का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगर निगम कटनी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 789 नागरिकों, नगर परिषद बरही में 10 हजार 785 नागरिकों, नगर परिषद कैमोर में 11 हजार 233 नागरिकों तथा नप विजयराघवगढ़ में 6 हजार 984 नागरिकों का समग्र आई.डी से ईवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दमोह। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जल संवाद, चौपाल, रैलियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया।**

कार्यक्रमों के दौरान लोगों को अपने ग्रामों में मौजूद जल स्त्रोतों की सफाई एवं संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। संस्थाओं ने अलग-अलग ग्रामों में जाकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और जल स्त्रोतों की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह अभियान न केवल जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी विकसित कर रहा है। इस अभियान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन, धरातल जनकल्याण समिति पथरिया, हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन तेंदूखेड़ा,बासा- तारखेडा नेहरू युवा मंडल, संत नामदेव समिति जाता, नर्मदा माधव युवक मंडल हटा, अंबिका ग्रामीण विकास समिति कुंडलपुर, जैसे संगठनों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मान्यता: शीतला माता की उपासना से मोतीझिरा, हैजा जैसे रोगो से मिलती है मुक्ति

# नवरात्रि में मातारानी को जल चढ़ाने लग रही लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

आस्था यह शब्द देखने में और बोलने में जितना छोटा लगता है, इसका अर्थ उतना ही बढ़ा है। लोगों की आस्था ही है कि ईश्वर इस दुनिया में है। उपकाशी हटा में इन दिनों नवरात्रि की धूम देखने मिल रही है। नगर के सभी माता के दरबारों में भक्त मां की कृपा पाने के लिए पूजा अर्चना कर रहे हैं। उपकाशी में वैसे तो ममतामयी मां चंडी जी मंदिर एवं मां पीतांबरा पीठ हैं, लेकिन सुनार मैया के तट पर रामगोपाल जी वार्ड स्थित बना माताघाट शीतला माता मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह माता मंदिर भी प्राचीन मंदिरों में आता है। चैत्र नवरात्रि में मां



शीतला माता को जल अर्पित करने भोर सबेरे पहुंचते हैं जहां दरबार में भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। इस मंदिर को लेकर लोगों की आस्था है कि मातारानी के दर्शन से मोतीझिरा, चेचक व हैजा जैसे रोग-बीमारी ठीक हो जाती है। स्कंद पुराण के अनुसार देवी मां का ये स्वरूप सबसे शीतल माना जाता है। इनकी उपासना से हर तरह के रोग से मुक्ति मिलती है तथा सुंदर काया प्रदान होती है। मान्यता है कि जो भी भक्त शीतला सप्तमी अष्टमी के दिन मां की आराधाना करता है, न केवल उसके बल्कि मातारानी की कृपा से उसके संपूर्ण कुल के रोग नष्ट हो जाते हैं। इनकी पूजा से मनुष्य को जहां एक तरफ अध्यात्मिक रूप से से मजबूती मिलती है तो वहीं दूसरी ओर मौसम के चलते शरीर में होने वाले रोग बेकार भी मन की पूजा से दूर हो जाते हैं। ठंडक प्रदान करने वाली माता शीतला पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा देती है। शीतला माता मंदिर में पूजन व विवाह माता पूजन का भी विशेष महत्व है। मंदिर में मां शीतला के साथ ही भगवान शिव व अन्य देवीयो की प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान हैं।

## माता की चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**बनवार।** माता रानी के भक्तों ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के पावन अवसर पर हिनोती आजम से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। रोहित गौर भक्त मंडली के द्वारा चुनरी यात्रा का यह आयोजन लगातार पांचमा वर्ष है। हिनौती आजम खेर माता मंदिर से चुनरी की पूजा अर्चना के बाद यात्रा प्रारंभ की गई माता की चुनरी लेकर मां के भक्त भ्रमण को निकले तो चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चुनरी यात्रा में शामिल महिलाएं युवतियों युवा बच्चे बुजुर्ग में चुनरी थामने की होड़ मची हुई थी। जगह-जगह माता की चुनरी की पूजा व स्वागत किया गया भक्तगण माता के जयकारे लगाते हुए पैदल चल रहे थे। चुनरी यात्रा में डीजे के भक्तिमय धुनों लोग झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे 301 मीटर 5 किमी का पैदल सफर तय करके महादेव घाट रोड सगरा मार्ग से होते मां मटैना शक्ति धाम पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर चुनरी चढ़ाई गई। चुनरी यात्रा का भव्य स्वागत जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ इस दौरान क्षेत्र का पूरा माहौल भक्तिमय हो चला था। विशाल चुनरी थमाने के लिए जहां माता रानी के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वही क्षेत्र भर से आए श्रद्धालुओं के बड़े बड़े भाई बड़ी संख्या में मौजूदगी रही इस दौरान मां मटैना शक्ति धाम मंदिर के प्रवेश द्वार पर दो शेरों की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भक्ति महोत्सव में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिया। बता दें रोड बनवार चौबीसा क्षेत्र की खेर माता माटेना शक्ति धाम की प्रसिद्ध दूर-दूर तक फैली हुई है यहां भक्त अपनी मन्नत लेकर आते है और मन्नत पूरी होने पर कन्या भोज भंडारे करवाते हैं पूरी चैत्र नवरात्रि में पंडा पुजारी द्वारा विविध धार्मिक आयोजन होते रहते है।

## सप्तमी के दिन हुई माता कालरात्रि की पूजा अर्चना

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को नवरात्रि के सातवें दिन माता कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई सुबह से ही देवी मंदिरों में अपार भीड़ माता को जल अर्पित करने पहुंची सप्तमी के दिन देवी मंदिरो में विधि विधान के साथ पूजा अर्जन कर श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद प्राप्त किया की पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि सप्तमी की रात सिद्धियों की रात कही जाती है और इस दिन तांत्रिक देवी की विशेष पूजा करते हैं। चलिए जानें कि मां कालरात्रि की पूजा कैसे करें और किन मंत्रों से देवी प्रसन्न होंगी। मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि को महायोगिनी महायोगिश्वरी भी कहा जाता है। नवरात्रि का सातवां दिन है और इस दिन दुर्गा माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। मां के इस रूप को बहुत भयंकर माना जाता है. इनका रंग काला है और ये तीन नेत्रधारी हैं। मां कालरात्रि के गले में विद्युत की अद्भुत माला है। इनके हाथों में खड्ग और कांटा है और इनका वाहन गधा है. ये भक्तों का हमेशा कल्याण करती हैं। इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहते हैं. मां कालरात्रि की उपासना से मिलते हैं ये लाभ- शत्रु और विरोधियों को नियंत्रित करने के लिए मां कालरात्रि की उपासना अत्यंत शुभ होती है। इनकी उपासना से भय, दुर्घटना तथा रोगों का नाश होता है. इनकी उपासना से नकारात्मक ऊर्जा का असर नहीं होता है। ज्योतिष में शनि नामक ग्रह को नियंत्रित करने के लिए इनकी पूजा करना अदभुत परिणाम देता है. मां कालरात्रि व्यक्ति के सर्वोच्च चक्र, सहस्त्रार को नियंत्रित करती हैं। यह चक्र व्यक्ति को अत्यंत सात्विक बनाता है और देवत्व तक ले जाता है. इस चक्र का कोई मंत्र नहीं होता है. सप्तमी के दिन इस चक्र पर अपने गुरु का ध्यान अवश्य करें।

## हटा में गल्ला दुकानों पर प्रशासन की दबिश, मंडी में खरीदी के दिए निर्देश



**दमोह।** हटा में कृषि उपज मंडी सुचारू रूप से चलाने एसडीएम हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन पर अमला लगातार क्षेत्रो मे भ्रमण कर व्यापारियों को निर्देशित कर व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में हटा में कृषि उपज मंडी क्षेत्र के बाहर नगर मे नियम विरुद्ध तरीके से आढ़त चलाने वाले गल्ला दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा दबिश दी गई। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने हटा में चंडी जी मन्दिर क्षेत्र के पास संचालित एक गल्ला दुकान पर दबिश दी। यंहा चल रही गल्ला खरीदी के सम्बंध में दुकानदार को निर्देशित किया गया कि वे केवल कृषि उपज मंडी हटा में ही खरीदी करें ताकि किसानों को मंडी में उचित मूल्य मिले और हटा कृषि मंडी सुचारू रूप से चले। हटा कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए समुचित व्यवस्थाएं, सुचारू डाक व्यवस्था से उपज विक्रय हेतु नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने हटा कृषि उपज मंडी पंहुचकर डाक व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नायब तहसीलदार हटा ने हटा मंडी में आ रहे किसानो से चर्चा की।

## राज्यमंत्री लाखों के कार्यो का किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन

**दमोह।** दमोह जिले की सबसे बड़ी विधानसभा जबेरा के अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्रामों में मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर 73 लाख रुपये कार्यो के भूमि पूजन एवं लोकार्पण किये। जिसमें ग्राम भैंसा सर्रा में 13 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया, ग्राम पंचायत खमरिया शिवलाल में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत झमरा में 24 लाख रुपये की लागत से सी.सी रोड एवं 11 लाख रुपये की लागत से बनने जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र का भूमि पूजन किया। मंत्री श्री लोधी ने कहा आंगनबाड़ियों, सामुदायिक भवन, सी.सी रोड के निर्माण से ग्राम वासियों के लिए सुविधा प्राप्त होगी समुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामवासी अपने पारिवारिक कार्यक्रम इस भवन के माध्यम से कर सकेंगे एवं आंगनबाड़ी के निर्माण से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण, पोषण आहार एवं शारीरिक वृद्धि कर सकेंगे और बच्चे अपने भविष्य का निर्माण करेंगे।

# कार्यशाला में नरवाई प्रबंधन के संबंध में दी गई जानकारी



**दमोह।** ग्राम पंचायत बोतराई में नरवाई प्रबंधन हेतु किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखण्ड पथरिया द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, कृषि विस्तार अधिकारी सुरभि पटेल, लखनलाल प्रजापति, अनिरुद्ध आठिया, ग्राम सचिव कोटवार एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यशाला में कृषकों को नरवाई प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई एवं नरवाई जलाने के नुकसान के बारे में बताया गया। किसानों को बताया गया की नरवाई जलाने से खेत की उर्वरा क्षमता कम होती है, मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी बंजर होती जाती है। नरवाई प्रबंधन के लिए रोटावेटर से जुताई या फिर डिस्क हैरो से जुताई कर नरवाई को छोटे-छोटे टुकड़ों में कर मिट्टी में मिलाया जा सकता है, इसके अनेक फायदे हैं, मिट्टी में नरवाई छोटे-छोटे टुकड़ों में हो जाने के कारण बारिश आने पर सड़कर खाद का काम करेगी एवं मिट्टी की उर्वरा क्षमता को बढ़ायेगी। मिट्टी को बंजर होने से बचा सकते हैं 1 जिन कृषकों को मूंग की बोनी करनी हो वह कृषक बंधु सुपर सीडर से सीधी बुवाई कर सकते है इस प्रकार से सभी कृषक बंधु नरवाई प्रबंधन कर सकते है 1

# खेतों में नरवाई न जलाने गांव गांव में कराई जा रही मुनादी



**हटा।** अनुविभाग क्षेत्र में फसल कटाई का कार्य किया जाना जा रहा है। फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों में आग लगाने की घटना से अग्नि दुर्घटनाएं रोकने हेतु प्रतिबंध के बावजूद भी नरवाई जलाने की घटनाएं घटित हो रही है जिसे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर दमोह के निर्देशन में कृषि विभाग हटा के मार्गदर्शन में संपूर्ण राजस्व सीमा अंतर्गत नरवाई में आग लगाने को प्रतिबंधित किया है। आदेश के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही कर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जिससे नरवाई जलाने की घटनाओं पर शत प्रतिशत नियंत्रण किया जा सके। जिसके लिए गांव गांव में कृषि विभाग द्वारा मुनादी करवाकर किसानों से आग्रह किया जा रहा है कि अपने खेतों में गेहूं की फसल कटाई उपरांत नरवाई न जलाएं। वरिष्ठ कृषि अधिकारी हटा एमपी सरवैया ने बताया कि नरवाई जलाने से खेतों उर्वरा क्षमता कम होती है। गेहूं की नरवाई जलाने से भूमि के लाभदायक सूक्ष्म जीव जैसे केचुआं आदि मर जाते हैं तथा मृदा का जीवांश पदार्थ भी नष्ट हो जाता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होने से मृदा स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। खेत की उपजाऊ क्षमता नष्ट होने से उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अतः अपने खेत के उपजाऊपन को सतत बनाए रखने के लिए गेहूं के खेतों में किसान भाई आग न लगाएं। सरवैया ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार विकासखण्ड के कृषि विस्तार अधिकारी भोलाराम रैकवार, राधेश्याम यादव द्वारा प्रतिदिन गांवों में जाकर किसानों को चौपाल लगाकर नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए जैविक खाद बनाने के बारे में किसानों को समझाइश दे रहे हैं और ग्राम कोटवार के द्वारा गांव में मुनादी कराकर आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश बताए जा रहे है ताकि लोग नरवाई में आग न लगाएं।

# भाजपा नरसिंहगढ़ मंडल की संगठनात्मक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

भारतीय जनता पार्टी नरसिंहगढ़ मंडल दमोह की आगामी कार्यक्रमों के संबंध में संगठनात्मक बैठक का आयोजन संस्कार गार्डन नरसिंहगढ़ में किया गया जिसमें जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार पूर्व मंडल नरोत्तम पटेल मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल मंचासीन रहे। बैठक का प्रारंभ दीप प्रचलन के साथ हुआ मंचासीन अतिथियों का उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष श्याम से भरे ने अपनी संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को प्रत्यके बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन



आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाना है। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। अभियान के दौरान उन्हें मंदिर, अस्पताल या स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान चलाना है।

राघवेंद्र सिंह परिहार ने कहां की 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की थी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई हमारे प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे इस तरह की और भी संगठन के विषय में जानकारी हम सभी को रखना चाहिए जब हम अपने बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करेंगे तो हम अपने उन सदस्यों को जिन्हें हमने अपनी पार्टी से जोड़ा है उनसे यह संगठन के विषय में जानकारी साझा कर सकते हैं। 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जो भी कार्यक्रम संगठन द्वारा निर्धारित किए गए हैं। उन सभी को हमें पूर्ण मनोयोग और उत्साह के साथ करना है। मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल ने कहा कि हम सभी को अपने अपने बूथ केंद्रो पर आगामी कार्यक्रम को करना है और उन्हें सफल बनाना है। बैठक का संचालन तीरथ पटेल आभार प्रकट संतोष बेद ने किया। बैठक में नरसिंहगढ़ मंडल के पदाधिकारियों, बूथ केंद्रो के अध्यक्ष सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्त रहे कृष्ण कुमार पटेल नरोत्तम पटेल पंडित राजेंद्र बिदौलिया महेंद्र पटेल पंडित संतोष बेद आकाश सोनी मुन्ना पटेल विजय अठिया तख्त सिंह महिला मोर्चा माया पटेल मालती जैन नवाब सिंह मुकुंदी यादव शंकर पटेल भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## उपकाशी में मातृशक्ति ने निकाली विशाल बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में चैत्र नवरात्रि के महापर्व पर शुक्रवार को श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में मातृशक्ति द्वारा नगर में बाइक रैली निकली गई। बाइक रैली का शुभारंभ नगर के बड़ा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर से की गई रतन बजरिया से होते हुए चंडी जी मुख मार्ग से अंधियारा बगीचा के रास्ते से मंदिर मस्जिद चौराहा पहुंची जहां विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा भारत माता की भव्य महा आरती की गई। इस दौरान जय भारत माता जय श्रीराम के उद्घोषों से चौराहा गुंजायमान हो गया। इसके उपरांत बाइक रैली पुनः श्री राम मंदिर पहुंची जहां पर भव्यता के साथ समापन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने रैली के दौरान मातृशक्ति का पुष्प बरसा कर



जगह-जगह स्वागत किया गया एवं पानी, मिष्ठान वितरण आदि की व्यवस्था की गई थी। उपकाशी में निकली वाइक रैली में शामिल मातृशक्ति भगवा वेश धारण कर सिर में पगड़ी बांधे हुए दुर्गा वाहिनी प्रतीत हो रही थी। गौरतलब हो कि विक्रम संवत 2085 हिन्दू नव वर्ष एवं नवरात्र के अवसर पर सर्व हिन्दू समाज ने विशाल मातृशक्ति बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें नगर से बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने हिस्सा लिया और रैली को सफल बनाया।

# सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

ग्राम नरसिंहगढ़ में हाइडल बर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ जिला दमोह( मध्य प्रदेश )एवं परिवार सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक उत्तरदायित्व अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर समापन किया गया इसमें 90 दिन का प्रथम बैच अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 तक तथा दूसरा बैच जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक चलाया गया। इसमें कंपनी के आसपास के गांवों की लड़कियों एवं महिलाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया जो लड़कियां सिलाई सीखने आती थी। उन्हें निशुल्क कपड़ा व सिलाई का सभी सामान निशुल्क दिया जाता था इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षका कुमारी दीप्ति रानी तथा कुमारी सोनम रानी ने विभिन्न प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न उत्पाद बनाने



सिखाए जैसे सलवार ,प्लाजो, एस्कॉर्ट शरारा ,सूट हैंडबैग जैकेट टी-शर्ट कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, आदि सभी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर परिवार सोसायटी के सचिव ललित कुमार त्यागी व परियोजना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह वसुपरवाइजर हरदास सिंह जी रहे मंच का संचालन ललित कुमार त्यागी ने किया हाईडलबर्ग कंपनी में कार्यरत अधिकारी गण एवं कर्मचारी गणों के साथ-साथ उनके परिवार की महिलाओं ने भी आज प्रदर्शनी में भ्रमण किया महिलाओ द्वारा बनाए गए उत्पादों की बड़ी अच्छी प्रशंसा की तथा उनके बनाए गए उत्पाद को महिलाओं ने खरीदा इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट अखिलेश ताम्रकार, सी एस आर हेड अजय कुमार, हेड एडमिन प्रशासन मंजुनाथ, आलोक तिवारी व रितेश जी, तथा माईसेम लेडिस क्लब की पदाधिकारी श्रीमति शालिनी ताम्रकार श्रीमती पूनम सिंह श्रीमती जया वैश्य रही यह कार्यक्रम आसपास के गांव की लड़कियों एवं महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था जिसमें 100 से अधिक लड़कियों एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण पूर्ण किया सभी को प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं इसमें ग्राम नरसिंहगढ़ से अधिकतर महिलाओं ने भाग लिया आसपास के गांवों जैसे ग्राम पिपरिया चंपत, ग्राम महूना, ग्राम कल्याणपुरा, ग्राम हिंगवानी, ग्राम उमरी, ग्राम खेजरा, ग्राम मडिया से बहुत सी लड़कियों एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण कार्य पूर्ण किया सभी अधिकारी गणों ने विभिन्न प्रकार की जानकारियां सिलाई से संबंधित तथा यह कैसे व्यापार में आगे बढ़ेंगे दी गई।

## संस्कृति राज्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 05 अप्रैल को जिले की विधानसभा क्षेत्र जबेरा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी प्रातः 11.30 बजे निज निवास नोहटा से ग्राम विजय सागर के लिये प्रस्थान करेंगे और दोपहर 12 बज विजय सागर में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आप दोपहर 1.30 बजे घाना में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपरान्ह 2.45 बजे जलहरी में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आप शाम 3.45 बजे जलहरी से अपने निज निवास नोहटा के लिये प्रस्थान करेंगे, शेष समय आरक्षित रखा गया है। अन्य कार्यक्रम पृथक से जारी किये जायेंगे।

## श्री राम कथा में मर्यादित जीवन जीने का दिया संदेश

**बनवार ।** हिनौती खेत सिंह में स्थित फूलन देवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल व्यास पंडित ऋषिकांत गर्ग ने श्री राम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को मर्यादित जीवन का संदेश दिया। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने कहा कि भगवान राम का चरित्र अनुकरणीय है और उनके आदर्शों पर चलने से जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा देती है और जीवन की सार्थकता के लिए अध्यात्म व धर्म का अनुसरण बहुत जरूरी है। इस अवसर पर श्री शतचंडी महायज्ञ के यज्ञ मंडप में पूजा अर्चना के साथ आहुतियां दी गईं और श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।

# श्रीराम के आदर्श हर परिस्थिति में सिखाते हैं जीवन जीने की कला

**तेंदूखेड़ा।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर पूरा नगर भगवामय हो गया युवाओं में उत्साह को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया यूथ ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श है भगवान राम ने सत्य, धर्म, दया और मर्यादा की सीख दी है भारतीय संस्कृति और सदाचार की जब भी बात होती है तो श्रीराम का नाम लिया जाता है। युवाओं ने कहा कि 7 अप्रैल सोमवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उत्साह मनाया जा रहा है। इस दौरान युवाओं, बच्चों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम की भक्ति से ही जीवन से प्रेरणा मिलती है। आराध्या तिवारी कहती है कि भगवान राम का आदर्श जीवन में यही प्रेरणा देता है कि हम मर्यादाओं का पालन करते हुए अपने जीवन, अपने परिवार और अपने देश को समृद्ध और शांतिमय बनाएं।

दीपक नामदेव कहते हैं कि श्री रामचंद्र के संयम, त्याग और न्याय के लिए युवाओं को भगवान श्रीराम से प्रेरणा लेनी चाहिए अब श्रीराम की भक्ति हर युवा वर्ग में देखने को मिल रही है भगवान राम द्वारा बताए गए सत्य, मार्ग पर चलना चाहिए।

मानसी रजक कहती है कि भगवान श्रीराम से मर्यादा, सत्यता पूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है युवाओं को भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढना चाहिए युवा श्रीराम के आदर्शों पर चलने - का संकल्प लें। उर्मी यादव कहती है कि श्रीराम हमेशा से युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना यथोचित हैं प्रभु का आदर्श जीवन में कठिन परिस्थितियों में धैर्य और शांति से सामना करना सिखाता है।

इलाज के स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती, हालत गंभीर, दोनों जबलपुर रेफर

# वन विभाग द्वारा कब्जा हटाने के दौरान एक महिला हुई बेहोश एवं दूसरी को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



शुक्रवार को तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटखेड़ा में टाइगर रिजर्व के सर्रा गेम परिक्षेत्र के वन अमले पर अतिक्रमण हटाने पहुंचने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में दो महिलाओं को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दरअसल ग्राम कोटखेड़ा में बब्बा की जमीन पर काबिज हरिजन परिवार का कब्जा हटाने जेसीबी मशीन लेकर गए वन विभाग के द्वारा महिलाओ के साथ मारपीट एवं गाली गलौज एवं जानसे मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। जिस कारण एक वृद्ध महिला मौके पर बेहोस हो गई थी साथ ही दूसरी महिला को चोटे आई है जिनका इलाज तेंदूखेड़ा सामुदायिक केंद्र में किया जा रहा है। इसके अलावा वन विभाग के डिप्टी रेंजर एवं सिपाही के द्वारा पहले भी 1 लाख रूपए बसूल किए जाने का आरोप लगा रहे है। ज्ञात हो कि ग्राम कोटखेड़ा में हरिजन परिवार के 4 भाई जमना प्रसाद अहिरवार, हरिराम अहिरवार, गुडडा अहिरवार, मुन्ना अहिरवार चारो भाई अपने पिता वटुआ पिता तिज्जा अरिवार की लगभग 8 एकड जमीन पर कई सालो से खेती करते आ रहे है अभी भी गेंहू की फसल लगी हुई है। हालाकि यह जमीन छोटे घास की जमीन है। जिसकी नकले उनके पास है जिस पर वटुआ का नाम चढा हुआ है। लेकिन वनविभाग का कहना है कि यह जमीन वनविभाग की है। जो वर्तमान में टाइगर रिजर्व जोन में आती है। जिसे खाली कराने के लिए सर्रा रेंजर वरिंदर सिंह अपने वन अमले साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गए थे। साथ ही मशीन से पत्थर की खकरी तोड़ने लगे जिसका विरोध करने पर वन विभाग के अमला ने मारपीट करदी जमना प्रसाद अहिरवार ने कहां कि अपने पिता की जमीन पर हम चार भाई खेती करते है। इसी खेती से अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे है। यह जमीन छोटेघास की जमीन है। लेकिन सर्रा रेंज का अमला शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गया था। साथ खकरी तोडने लगे हम लोगो ने कहां कि अभी हमारी फसल रखी हुई है। अभी मत तोड़ो लेकिन डिप्टी रेंजर और सिपाही जातिगत अपमान कर गालीगलोच के साथ ही डंडे से मारपीट करने लगे एवं जान से मारने की धमकी देने लगे और मेरी माता सल्लोवाई एवं पूनावाई को पकड़कर जेसीबी के सामने फैक दिया था। जिसकी चोट के कारण सल्लोवाई बेहोश हो गई साथ ही पूनावाई को चोटे आई है। जिन्हे 100 डायल के मदद से अस्पतला में भर्ती कराया गया है लेकिन दोनों की हालत बिगड़ने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। चारो भाईयों ने बताया कि पहले भी डिप्टी रेंजर ने हम लोगो से पैसा बसूल कर चुके है। दीपावली के समय भी डिप्टी रेंजर अतिक्रमण हटाने की धमकी देकर हम चारो भाईयों से 25-25 हजार रूपए बसूल किए थे। जबकि जमीन के संबंध में कलेक्टर, सांसद सहित अनेक अधिकारियों को आवेदन देकर राजस्व की जमीन पर काबिज होने की जॉच कराने की मांग कर चुके है। जिसका खसरा नक्सा हमारे पास है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सर्रा रेंजर वरिंदर सिंह ने कहां है कि पहले भी उन लोगो ने कहा था कि फसल आने के बाद कब्जा हटा लेगें जिस कारण वन अमला कब्जा हटाने गया था। वन अमला ने किसी के साथ कोई मारपीट नहीं की है यह मारपीट का गलत आरोप लगा रहे है। वह जमीन वन विभाग की है। अगर उनके पास उनके नाम खसरा है तो मुझे दिखाए मैने पहले भी उनसे मांगा है। इसके अलावा अगर डिप्टी रेंजर के द्वारा पैसा बसूल करने का आरोप लगा रहे है तो उसकी जॉच की जाएगीं।

**वरिंदर सिंह**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी सर्र**

# पटेरा में शराब दुकान को लेकर दिन भर चला हंगामा

## संगठन के कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण व कार्यवाही को लेकर जारी रहा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा





पटेरा नगर में शराब दुकान को लेकर शुक्रवार को दिन भर हंगामा चलता रहा। पिछले सत्रों में संचालित दुकान की जगह नई दुकान न खुले व नई दुकान जहां प्रस्तावित हुई वहां भी दुकान न खुले इस बात को लेकर महिलाओं व संगठन कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि दुकान को नगर से बाहर संचालित किया जाये। आज सुबह अचानक यह बात चलती रही कि दुकान अब प्रमुख रोड पर हटा तिराहा से समीप राजा ताम्रकार की दुकान में खुलेगी व तैयारी भी हो गई। अचानक संगठन के कार्यकर्ता वहां भी सक्रिय हो कर विरोध करने लगे व वहां रखी शराब की पेटियों को जब्त करने की मांग करने लगे। उनका कहना था कि दुकान संचालन की औपचारिकता पूरी किये बिना शराब नहीं बिक सकती। आबकारी विभाग के गौड़ साहब व स्टाफ भी पहुंचा। परंतु कार्यवाही न होने पर संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। इनमें महिलायें भी शामिल रही। रात में भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रमुखों ने कहा कि शराब जब्ती व एफआईआर अब स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग पर भी हो। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता आज और भी बडी संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। ऐंसी जानकारी संगठन के कतिपय पदाधिकारी देते देखे गये। पटेरा में शराब दुकान को लेकर पहली बार इतना बड़ा व उग्र प्रदर्शन किया जा रहा है। नारेबाजी के शोर दिन भर चलते रहे। शराब ठेकेदार का पक्ष सामने नहीं आया।

# आचार्य पदारोहण दिवस पर 5 अप्रैल को होगा आचार्य छत्तीसी विधान

**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में महा समाधिधारक संत शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य प.पू. आचार्य श्री समयसागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस 5 अप्रैल को मनाया जाएगा। एक वर्ष पूर्व16 अप्रैल 2024 को कुण्डलपुर की पावन धरा पर परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को एक भव्य समारोह में विशाल जन समूह के बीच आचार्य पद प्रदान किया गया था। तिथि अनुसार 5 अप्रैल को आचार्य पदारोहण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, आचार्य छत्तीसी विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, आचार्य श्री की पूजन होगी । सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

रात्रि विश्राम 27 मील में हुआ...

# आचार्य श्री समय सागर जी का जबलपुर की ओर हुआ विहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

शुक्रवार की सुबह आचार्य श्री समय सागर जी महाराज जी का ससंघ नगर में बैंड गाजे बाजो के साथ भव्य आगवानी की गई। एक दिन पहले से ही नगर को सजाया गया था। जगह जगह रंगोलियां सजाई गई थी। भव्य आगवानी के साथ अनेक जगहो पर जैन समाज के द्वारा पादप्राक्षलन किया गया। साथ ही नगर के रजनीष गोयल परिवार को आचार्य श्री को आहार देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही लगभग शाम 4 बजे आचार्य श्री का ससंघ जबलपुर की ओर विहार हो गया। ससंघ का ग्राम 27 मील तपोवन में रात्रि विश्राम हुआ। शनिवार को आचार्य श्री की अहारचर्या पाटन में होने की संभावन है। उल्लेखनी है कि आज 5 अप्रैल चैत्र शुक्ल अष्टमी को आचार्य श्री समय सागर जी महाराज को समस्त मुनि-आर्यिका संघ, समाज ने अपना आचार्य स्वीकार किया था एवं आचार्य पद पर सुशोभित किया था। आज भव्यता से आचार्य श्री समय सागर जी का आचार्य पद पदारोहण दिवस मनाया जायेगा।

# युवक लापता, परिजनों ने बनाये जाम के हालात

## पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र की बांदकपुर पुलिस चौकी के आनू गांव निवासी 19 वर्षीय युवक राजकुमार पिता अजब सिंह ठाकुर गुरुवार सुबह लापता हो गया। वह पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था और गुरुवार सुबह करीब 5:00 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकला था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। गांव से कुछ दूर सड़क पर बड़े पुल के पास उसका मोबाइल कैप कपड़े मिले हैं। परिजनों ने गुरुवार दोपहर पुलिस में शिकायत दर्ज की थी, लेकिन 24 घंटे बाद भी युवक की कोई खबर नहीं मिलने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर शुक्रवार की सुबह 9,बजे से दोपहर 12:00 बजे तक दमोह कटनी मार्ग के आनू और गूंजी के बीचों सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश के बाद जाम समाप्त कर दिया गया। लेकिन परिजनों द्वारा पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है यदि 24 घंटे में युवक को खोज नहीं निकाला गया तो पुनः चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई है। एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि परिवार के लोगों से बात हुई है और उनसे सभी प्रकार की जानकारी देने को कहा गया है। एफएसएल टीम और साइबर सेल की टीम मामले में जानकारी जुटाने लगी है और बहुत जल्द युवक की जानकारी जुटा ली जाएगी। बता दें गुरुवार की सुबह करीब 5:00 बजे युवक रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए गया था लेकिन दोपहर तक जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों के द्वारा बार-बार फोन लगाया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद चिंतित परिजन बांदकपुर पुलिस चौकी युवक की लापता होने की रिपोर्ट लिखवाने पहुंचे तो उन्हें पता चला पुलिस को बड़े पुल के पास उसका मोबाइल टोपी और कपड़े मिले थे। लेकिन पुलिस ने इसकी कोई जानकारी परिजनों को नहीं दी जिससे परिजन भड़क गए। पुलिस पर लापता युवक की खोज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए 24 घंटे बीतने के बाद जब युवक का कुछ पता नहीं चला तो आज सुबह दमोह कटनी मार्ग पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने परिजनों के साथ मिलकर चक्का जाम कर दिया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दमोह पुलिस बल के साथ साथ हिंडोरिया थाना बांदकपुर चौकी और नोहटा थाना की बनवार चौकी पुलिस पहुंच गया था।

# अवैध पत्थर खदान से भारी मात्रा में जुड़ाई पत्थर जब्त



**दमोह।** ग्राम पंचायत घोघरा अंतर्गत ग्राम मजरा में चल रही अवैध पत्थर खदान पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार द्वारा राजस्व अमले के साथ दबिश देकर भारी मात्रा में जुड़ाई पत्थर जब्त किया गया है। शुक्रवार देर शाम की गई कार्यवाही से माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कार्यवाही के दौरान जब्त पत्थर को राजस्व अमले की उपस्थिति में परिवहन किया गया। बता दे बफरक्षेत्र के संवेदन शील क्षेत्र में अवैध पत्थर खदान चल रही थी और वफरक्षेत्र अन्तर्गत मार्ग से अवैध उत्खनन किए गए। पत्थरों का परिवहन ट्रैक्टर ट्रालियों से होता है । बफर क्षेत्र प्रबन्धन द्वारा किसी भी प्रकार की जांच नहीं की गई जिससे उनकी कर्तव्य निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगता है। खनिज विभाग को भी सूचना दी गई मगर उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं गई थी। इस दौरान नायब तहसीलदार के साथ पटवारी दीपक ठाकुर और अन्य अमला उपस्थित रहा। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया कि सूचना मिली थी जिसपर कार्यवाही की गई है। मौके से जुड़ाई पत्थर को जब्त किया गया है। अवैध संग्रहण पर कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सभी 24 मंडलों में बैठकें संपन्न

## 6 अप्रैल को जिले के सभी 1184 बूथों पर झंडा फहराकर मनाया जाएगा स्थापना दिवस : श्याम शिवहरे

**दमोह।** जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर जिले के सभी मंडलों में बैठकें आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के मार्गदर्शन में रूप रेखा तैयार की गई। आज जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भाजपा कार्यालय में नगर के रानी दमयंती और पं दीन दयाल नगर मण्डल की कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम जिले के 1184 बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाएगा, 6 अप्रैल को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज लगाकर पदाधिकारी पूरे हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाएगा। साथ ही कार्यालय की सजावट कर रंगोली सजाएं तथा मिठाई बांटेंगे ,। कार्यक्रमों के जिला प्रभारी जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने रानी दमयंती मंडल की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के साथ आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे "बस्ती चलो अभियान" के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करें। स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर पहुंचना है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, मीसा बंदी तथा कारसेवकों का सम्मान करने के साथ बूथ समितियों की बैठक आयोजित करना है। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए।

# मंडी में अत्यधिक आवक के कारण व्यवस्थायें गड़बड़ाई....

**दमोह।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को कृषकों के द्वारा अत्यधिक आवक होने के कारण व्यवस्थायें चरमरा गई। प्रशासक/एसडीएम दमोह आरएल बागरी ने पहुंचकर जायजा लिया और कृषि उपज मंडी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। ड्रोन से ली गई तस्वीर बयां कर रही है कि किसान अपने अनाज को शासन की गाईडलाइन अनुसार कृषि उपज मंडी में व्यवस्थित, सही दाम पर विक्रय करने के लिए कड़ी धूप में कितनी मेहनत कर रहा है लेकिन व्यवस्थायें न होने से परेशान हो रहे है। पहले से इंतजाम किये गये होते तो ऐसा नहीं होता। बता दें कि कृषि उपज मंडी द्वारा चना, दाल, मसूर, मटर, गेहूं और भी अनाज कृषकों के द्वारा कृषि उपज मंडी विक्रय करने के लिए लाए गए।



# सर्रा में 13 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर से लगभग 40 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत तारादेही मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भैंसा सर्रा में 13 लाख की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक धर्मस्य स्वतंत्रप्रभार राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि बहुत समय से भैंसा ग्राम पंचायत के लोगों की मांग थी कि आंगनवाड़ी भवन बने आज भवन बनकर तैयार हो चुका है। इसमें बच्चे पढ़ेंगे और आगे बढ़ेंगे यह केंद्र के निर्माण से बच्चों को शिक्षा के साथ - साथ शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण कडी साबित होगा डॉ मोहन यादव की सरकार लाडली बहनों के लिए निरंतर काम कर रही है अपने घर में बेटी पैदा होती है तो उसे यह सरकार लाडली लक्ष्मी बना देती हैं । जब बिटिया 21 साल की होगी तो इस सरकार बिटिया को 1 लाख 18 हजार रुपए देने का काम किया है। इसके बाद इस सरकार ने बहनों की चिंता की और लाडली बहना योजना लेकर आई आज जिसके अंतर्गत महिलाओं को 12 सौ 50 रुपए महीने 1 साल मे 15 हजार रुपए देने का काम सरकार ने किया है। भैंसा ग्राम पंचायत में 340 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है और अभी गरीब आदिवासी भाइयों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बना कर दे रही है। 280 मकान वन चुके हैं और 312 और मकान बनाने की कार्य योजना है जो दो-तीन साल में गरीब आदिवासियों को बना कर देगी । संबल योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु में 2 लाख और दुर्घटना पर 4 लाख रुपए भी सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं निरंतर यह सरकार गरीबों की चिंता कर रही है। अभी गेहूं खरीदी का काम शुरू हुआ है। भाजपा की सरकार इस बार किसानों का गेहूं 26 सौ रुपये प्रति कुंतल के भाव से खरीदने का काम कर रही है धान पर भी अलग से 4 हजार रुपये हेक्टेयर देने का काम भी यह सरकार कर रही है। कार्यक्रम के अवसर पर आम नागरिक जनों की जन समस्याओं को त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल , तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ. मनोहर सिंह , सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह , तेंदूखेड़ा नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन , राजकुमार लोधी जनपद सीईओ मनीष बागरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

# चैक बाउन्सः न्यायालय ने चैक की राशि, ब्याज व्यय सहित भुगतान करने का निर्णय सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय सुश्री प्रिया राठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महोदय दमोह के द्वारा एक मामले में अभियुक्त के विरूद्ध चैक वाउन्स की राशि मय ब्याज एवं खर्चों के राशि 6,35,000 रूपये भुगतान किये जाने का निर्णय पारित किया है, उक्त संबंध में परिवादी के अधिवक्ता मनोज सोनी ने बताया कि परिवादी अभिषेक पाठक एवं अभियुक्त श्रीमति नीमा बाई पति दिनेश वाल्मिकी दोनो ही नगर पालिका में कार्यरत होने से एक दूसरे से परिचित है, परिवादी ने अभियुक्त को वर्ष 2019 में मकान बनाने के लिये राशि 4,50,000 रूपये उधार दिये थे उक्त उधार राशि की माँग किये जाने पर अभियुक्त ने परिवादी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा दमोह का चैक राशि 4,50,000 रूपये देकर विश्वास दिलाया कि उक्त चैक के माध्यम से परिवादी को राशि प्राप्त हो जावेगी परंतु परिवादी द्वारा उक्त चैक बैंक में जमा किये जाने पर चैक अपर्याप्त निधि के कारण वाउन्स हो गया था जिससे परिवादी ने अभियुक्त को उक्त चैक की राशि भुगतान किये जाने के लिये अधिवक्ता श्री मनोज सोनी के मार्फत नोटिस प्रेषित किया था परंतु अभियुक्त द्वारा उक्त राशि नहीं लौटायी गयी तब परिवादी ने माननीय न्यायालय के समक्ष अभियुक्त के विरूद्ध धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम के तहत परिवाद क्रमांक 134/2021 प्रस्तुत किया था जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण में आयी साक्ष्य के गुणदोषो के आधार पर परिवाद स्वीकार कर अभियुक्त के विरूद्ध आदेश पारित करते हुये अभियुक्त नीमा बाई को छः माह के कठोर कारावास से दण्डित करते हुये परिवादी अभिषेक पाठक से उधार ली गयी राशि 4,50,000 रूपये एवं उक्त राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज 1,62,000 रूपये तथा न्याय शुल्क 19,000 रूपये व वाद व्यय 4,000 रूपये सहित कुल 6,35,000 रूपये भुगतान करने का आदेश पारित किया गया है तथा उक्त राशि के भुगतान न करने की स्थिति में अभियुक्त को पृथक से छः माह के साधारण कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का निर्णय पारित किया है।